# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

## ◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**आज दिनांक 29.05.2025 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । उक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई । जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोष जनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार में निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी मय टीम द्वारा आज दिनांक 29.05.2025 को मु0अ0सं0 123/2025 धारा-64/123/351(3) बीएनएस व 67(a) आईटी एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त को रानीगंज तिराहा से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

**01.नितिन कुमार पुत्र प्रवीन कन्नौजिया निवासी परसिया थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.प्र0नि0 संतोष कुमार तिवारी थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**02.उ0नि0 रामाज्ञा प्रसाद थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.हे0का0 योगेन्द्र यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.का0 चनन्द सिंह थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 01 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 29.05.2025 को वाद सं0 08/2017 मु0अ0सं0 961/2017 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना इटवा मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मो0 रफी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त बाबर कुरैशी उर्फ मोनू पुत्र रियाज अली उर्फ कलूटे निवासी मुहल्ला इमामबाड़ा फैजाबाद रोड थाना कोतवाली नगर गोण्डा जनपद गोण्डा को धारा 21(6) एनडीपीएस एक्ट में 01 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट- दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से एक्सिडेण्ट के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 28.05.2025 को वाद सं0 703374/1992 मु0अ0सं0 78/1992 धारा 279,304ए भादवि थाना डुमरियागंज मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त रविशंकर पाण्डेय पुत्र गोपाल पाण्डेय निवासी लक्ष्मीपुर थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजन अधिकारी अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी बावनजीत गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट- दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ थाना परिसर पर पीस कमेटी की गोष्ठी कर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की गयी।**

**.पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडे द्वारा आज दिनांक 29.05.2025 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार, बकरीद के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के धर्मगुरुओ, मौलवियों ,ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार में कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यो की बैठक की गयी/ सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ढेबरुआ पुलिस द्वारा एसएसबी के साथ ग्राम मडनी बार्डर पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 29-05-2025 को गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ द्वारा एसएसबी के साथ ग्राम मडनी बार्डर पर मानव तस्करी, नशीली दवाओं/अवैध शराब आदि की तस्करी व सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम हेतु पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 29.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रुट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हॉट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**